हिंदी विकास संस्थान, दिल्ली

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2022

## हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम

**कक्षा-तीसरी**

### संकेत

- हिंदी वर्णमाला का ज्ञान
- पशु-पक्षियों और उनकी आवाज़ों की पहचान
- स्वरों एवं व्यंजनों की पहचान
- 'र' के विविध रूप
- संयुक्त व्यंजन
- मात्राओं की पहचान
- संज्ञा एवं सर्वनाम शब्दों की पहचान
- समान (पर्यायवाची) एवं विपरीत (विलोम) अर्थ वाले शब्द
- शुद्ध शब्द
- सप्ताह के दिनों के क्रमबद्ध नाम
- अनेक शब्दों के लिए एक शब्द
- श, ष, स व्यंजनों से बने सही शब्द की पहचान
- बिंदु ( ं ) एवं चंद्रबिंदु ( ँ ) के सही स्थान की पहचान
- एक से बीस तक गिनती का सही क्रम
- भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रंगों की जानकारी।

**कृपया, ध्यान दें:** इस प्रश्न-पत्रिका में दी गई सहायक सामग्री संकेत मात्र एवं अभ्यास के लिए है। अत: प्रतियोगी को रटवाने की अपेक्षा समझाने का प्रयास करें।

**1. जानवरों एवं जीव-जंतुओं की आवाज़ें–**

हाथी–चिंघाड़ना, भैंस–डकराना, रीछ–गुर्राना, गीदड़–रोना, बछड़ा–मिमियाना, शेर–दहाड़ना, नाग–फुफकारना, भालू–गुर्राना, बकरी–मिमियाना, बंदर–चिल्लाना, बैल–डकारना, भेड़िया–चीखना, चूहा–चूं–चूं करना, मेंढक–टर्र–टर्र, घोड़ा–हिनहिनाना, गधा–ढेंचू–ढेंचू, बिल्ली–म्याऊँ–म्याऊँ, गाय–बां..बां, कुत्ता–भौं–भौं।

**2. पक्षियों की आवाज़ें**

तोता – टैं–टैं, कबूतर – गुटरगूँ, कोयल – कुहू–कुहू, कौआ – काँव–काँव, बतख – कां–कां, मुर्गा – कुकड़ू–कू, टिटहरी – टीं–टीं, सारस – क्रें–क्रें, चिड़िया – चीं–चीं, मोर – पीहू।

**3. स्वर**

जिन वर्णों का उच्चारण अन्य ध्वनियों की सहायता के बिना हो, उन्हें स्वर कहते हैं।

**अ आ इ ई उ ऊ ऋ ए ऐ ओ औ**

**अयोगवाह– अं अः**

**4. व्यंजन**

व्यंजन वे वर्ण हैं, जो स्वरों की सहायता से बोले जाते हैं। नीचे स्वरयुक्त व्यंजन दिए गए हैं–

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ख | ग | घ | ङ | | |
| च | छ | ज | झ | ञ | | |
| ट | ठ | ड | ढ | ण | ड़ | ढ़ |
| त | थ | द | ध | न | | |
| प | फ | ब | भ | म | | |
| य | र | ल | व | श | | |
| | ष | स | ह | | | |

(क) आगत स्वर – **ऑ**

(ख) नुकता वाले आगत व्यंजन – **ज़, फ़**

(ग) संयुक्त व्यंजन–दो व्यंजनों के मेल से बने व्यंजन **संयुक्त व्यंजन** कहलाते हैं। जैसे:– क्ष, त्र, ज्ञ, श्र ये चार संयुक्त व्यंजन हैं।

क् + ष = क्ष – कक्ष, दक्ष    त् + र = त्र – नेत्र, छात्र

ज् + ञ = ज्ञ – यज्ञ, सर्वज्ञ    श् + र = श्र – परिश्रम, आश्रम

## 5. 'र' के विविध रूप

- रेफ़ (जैसे: पर्व)
- पाई वाले व्यंजनों के साथ (जैसे: क्रम)
- बिना पाई वाले व्यंजनों के साथ (जैसे: राष्ट्र)

## 6. र और ऋ की मात्राओं में अंतर

- क् + ऋ = कृ, कृपा, कृष्ण
- क् + र = क्र, क्रय, विक्रय

## 7. शुद्ध-वर्तनी

| **अशुद्ध** | **शुद्ध** | **अशुद्ध** | **शुद्ध** |
|---|---|---|---|
| करम | कर्म | परनाम | प्रणाम |
| परभु | प्रभु | नमसते | नमस्ते |
| सुरज | सूरज | पड़ाई | पढ़ाई |
| ग्रहकार्य | गृहकार्य | वरिक्ष | वृक्ष |
| चिरिया | चिड़िया | चमकिला | चमकीला |
| पाँच | पाँच | कृप्या | कृपया |

## 8. हिंदी में एक से बीस तक गिनती

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | एक | 11 | ग्यारह |
| 2 | दो | 12 | बारह |
| 3 | तीन | 13 | तेरह |
| 4 | चार | 14 | चौदह |
| 5 | पाँच | 15 | पंद्रह |
| 6 | छह | 16 | सोलह |
| 7 | सात | 17 | सत्रह |
| 8 | आठ | 18 | अठारह |
| 9 | नौ | 19 | उन्नीस |
| 10 | दस | 20 | बीस |

## 9. बिंदु ( ं ) एवं चंद्रबिंदु ( ँ ) वाले शब्द

हंस, कंस, बंदर, चंचल आदि।

गाँव, चाँद, पाँव, आँगन आदि।

## 10. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

| **अनेक शब्द (वाक्यांश)** | | **एक शब्द** |
|---|---|---|
| जो ईश्वर को मानता हो | – | आस्तिक |
| जो ईश्वर को न मानता हो | – | नास्तिक |
| जो पढ़ा लिखा न हो | – | निरक्षर |

| | | |
|---|---|---|
| जिसका अंत न हो | – | अनंत |
| मीठा बोलने वाला | – | मृदुभाषी |
| दूसरों पर उपकार करने वाला | – | परोपकारी |
| जो अपने देश का हो | – | स्वदेशी |

## 11. विलोम

जो शब्द एक–दूसरे का विपरीत अर्थ देते हैं, उन्हें विलोम या विपरीत शब्द कहते हैं। जैसे:–

| शब्द | | विलोम | शब्द | | विलोम |
|---|---|---|---|---|---|
| रात | – | दिन | कायर | – | वीर |
| धरती | – | आकाश | अपना | – | पराया |
| सच | – | झूठ | दूर | – | पास |
| अमीर | – | गरीब | शाकाहारी | – | मांसाहारी |
| दुख | – | सुख | शांत | – | अशांत |
| आदि | – | अंत | अंदर | – | बाहर |
| चतुर | – | मूर्ख | सरल | – | कठिन |
| ठंडा | – | गरम | देवता | – | राक्षस |
| ईमानदार | – | बेईमान | दुर्बल | – | सबल |
| ऊपर | – | नीचे | प्राचीन | – | नवीन |

## 12. संज्ञा

किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान, भाव आदि के नाम को **संज्ञा** कहते हैं। जैसे- शिवानी, ताजमहल, घबराहट आदि।

**संज्ञा के तीन भेद हैं:-**

1. व्यक्तिवाचक संज्ञा- भारत, दिल्ली, महात्मा गाँधी, कल्पना चावला, रामायण, गीता आदि।
2. जातिवाचक संज्ञा- मोटर साइकिल, कार, पहाड़, तालाब, गाँव, लड़का, लड़की, घोड़ा, शेर।
3. भाववाचक संज्ञा- मिठास, खटास, हरियाली, सुख, बुढ़ापा।

## 13. सर्वनाम

जिन शब्दों का प्रयोग संज्ञा के स्थान पर किया जाता है, उन्हें सर्वनाम कहते हैं। जैसे:- मैं, वह, आप, यह, वे, ये, हम, तुम, कुछ, कौन, क्या, जो, सो, उसका आदि सर्वनाम शब्द हैं।

**सर्वनाम के छह भेद हैं।**

(1) पुरुषवाचक सर्वनाम

(2) निश्चयवाचक सर्वनाम

(3) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

(4) संबंधवाचक सर्वनाम

(5) प्रश्नवाचक सर्वनाम

(6) निजवाचक सर्वनाम

## 14. भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रंगों की जानकारी

राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे में समान अनुपात में तीन क्षैतिज पट्टियाँ हैं:- गहरा केसरिया रंग सबसे ऊपर, सफ़ेद बीच में और हरा रंग सबसे नीचे है। ध्वज की लंबाई-चौड़ाई का अनुपात 3:2 है। सफ़ेद पट्टी के बीच में नीले रंग का चक्र है। शीर्ष में गहरा केसरिया रंग देश की वीरता और साहस को दर्शाता है। बीच में स्थित सफ़ेद पट्टी धर्म-चक्र के साथ शांति और सत्य का संकेत है। हरा रंग देश के शुभ, विकास और उर्वरता को दर्शाता है।

## 15. सप्ताह के दिनों के नाम

रविवार सोमवार मंगलवार बुधवार

बृहस्पतिवार शुक्रवार शनिवार

## 16. स्वरों की मात्राएँ

| स्वर | मात्रा | व्यंजन के साथ स्वर की मात्राओं का मेल | उदाहरण |
|---|---|---|---|
| अ | (कोई मात्रा नहीं) | क् + अ = क | कलम, कमल |
| आ | ( ा ) | क् + आ = का | काम, काका |
| इ | ( ि ) | क् + इ = कि | किताब, किधर |
| ई | ( ी ) | क् + ई = की | कील, कीमत |
| उ | ( ु ) | क् + उ = कु | कुल, कुत्ता |
| ऊ | ( ू ) | क् + ऊ = कू | कूल, कूकना |
| ऋ | ( ृ ) | क् + ऋ = कृ | कृत, कृपा |
| ए | ( े ) | क् + ए = के | केला, केरल |
| ऐ | ( ै ) | क् + ऐ = कै | कैसा, कैलाश |
| ओ | ( ो ) | क् + ओ = को | कोट, कोमल |
| औ | ( ौ ) | क् + औ = कौ | कौन, कौआ |
| अं | ( ं ) | क् + अं = कं | कंठ, कंकड़ |
| अः | ( : ) | त् + अः = तः | अतः, स्वतः |
| ऑ | ( ॅ ) | क् + ऑ = कॉ | कॉलम, कॉपी |

## 17. श, ष, स व्यंजनों से बने शब्दः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | शंख | षडयंत्र | संकट |
| 2 | शक्ति | विशेष | संगीत |
| 3 | शरारत | मेष | सपेरा |
| 4 | शत्रु | शेष | संगत |
| 5 | शनि | पुरुष | सच्चे |
| 6 | शब्द | षटकोण | सड़क |
| 7 | शरीर | षष्ठी | संदेश |
| 8 | शरण | पीयूष | संज्ञा |
| 9 | शहर | शेषनाग | सच |
| 10 | शहद | निमेष | सबका |

**18. पर्यायवाची शब्द**–किसी शब्द का समान अर्थ देने वाले शब्दों को पर्यायवाची शब्द कहते हैं। जैसेः-

| शब्द | पर्यायवाची |
|---|---|
| चंद्रमा | शशि, राकेश, मयंक |
| धरती | भूमि, भू, धरा |
| अग्नि | अनल, पावक, आग |
| पानी | नीर, वारि, जल |
| आकाश | गगन, अंबर, नभ |
| घर | गृह, सदन, भवन |
| पुत्र | बेटा, लड़का, सुत |
| मित्र | दोस्त, सखा, सहचर |
| स्त्री | नारी, औरत, महिला |

| | |
|---|---|
| फूल | पुष्प, सुमन, कुसुम |
| दिन | दिवा, दिवस, वार |
| माँ | अम्मा, माता, जननी |
| समुद्र | सिंधु, सागर, जलधि |
| भौंरा | भ्रमर, भृंग, मधुकर |
| जंगल | वन, कानन, अरण्य |
| वृक्ष | तरु, पादप, विटप |
| नदी | सरिता, सलिला, निर्झरिणी |
| तालाब | सरोवर, सर, ताल |
| कपड़ा | वस्त्र, वसन, ताल |
| बादल | मेघ, जलद, घन |

## 19. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

| **अनेक शब्द (वाक्यांश)** | **एक शब्द** |
|---|---|
| जिसकी तुलना न हो | अतुलनीय |
| जो बिना वेतन के काम करता हो | अवैतनिक |
| जिसके माता-पिता न हो | अनाथ |
| जो जल में रहता हो | जलचर |
| जो बीमार का इलाज करता हो | चिकित्सक |
| जो दूसरे देश का हो | विदेशी |
| प्रतिदिन होने वाला | दैनिक |
| सप्ताह में एक बार होने वाला | साप्ताहिक |
| महीने में एक बार होने वाला | मासिक |
| वर्ष में एक बार होने वाला | वार्षिक |

| | |
|---|---|
| जो कभी न मरे | अमर |
| जो काम से जी चुराता हो | कामचोर |
| जिसका कोई आकार न हो | निराकार |
| जिसका कोई आकार हो | साकार |
| मांस खाने वाला | मांसाहारी |
| साग-सब्ज़ी खाने वाला | शाकाहारी |
| जो सच बोलता हो | सत्यवादी |
| जो मिट्टी के बर्तन बनाता है | कुम्हार |
| चित्र बनाने वाला | चित्रकार |
| मूर्ति बनाने वाला | मूर्तिकार |
| जो पढ़ाता है | शिक्षक |

## 20. विलोम शब्द

| **शब्द** | **विलोम** | **शब्द** | **विलोम** |
|---|---|---|---|
| ऊँच | नीच | दुख | सुख |
| स्वतंत्र | परतंत्र | पाप | पुण्य |
| सजीव | निर्जीव | दुर्बल | सबल |
| लेना | देना | देशी | विदेशी |
| मीठा | खट्टा | सरल | कठिन |

## 21. शुद्ध-वर्तनी

| **अशुद्ध शब्द** | **शुद्ध शब्द** |
|---|---|
| खटायी | खटाई |
| आधीन | अधीन |
| अतिथी | अतिथि |
| अंजान | अनजान |

| **अशुद्ध शब्द** | **शुद्ध शब्द** |
|---|---|
| नदान | नादान |
| नराज | नाराज़ |
| नोकरी | नौकरी |
| यानि | यानी |
| रुखा | रूखा |
| चिन्ह | चिह्न |
| अवश्यकता | आवश्यकता |
| आर्शिवाद | आशीर्वाद |
| वधु | वधू |
| पितांबर | पीतांबर |
| वेषभूषा | वेशभूषा |
| इमानदारी | ईमानदारी |
| उनंचास | उनचास |
| नही | नहीं |
| स्थाई | स्थायी |
| साधू | साधु |
| सूचि | सूची |
| क्योंकी | क्योंकि |
| महत्व | महत्त्व |
| हेतू | हेतु |

# हिंदी विकास संस्थान, दिल्ली
# अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2022

## नमूना प्रश्न-पत्र

**कक्षा-तीसरी**

**अधिकतम अंक-100** **समयावधि-एक घंटा**

प्रतियोगी का नाम: ..........................................................................

पिता/संरक्षक का नाम: ....................................................................

कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर: ..............................................................

**समान्य निर्देश-**

1. इस प्रश्न-पत्र में कुल पच्चीस प्रश्न हैं।
2. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार अंक निर्धारित हैं।
3. सभी प्रश्न बहुविकल्पीय हैं।

**प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उसके अंक वाला गोला भरो-**

1. 'भारत एक विशाल देश है।' इस वाक्य में 'संज्ञा' शब्द क्या है?

   क) देश    ख) भारत

   ग) दोनों    घ) कोई नहीं

2. 'हमें बड़ों का आदर करना चाहिए।' इस वाक्य में 'सर्वनाम' शब्द क्या है?

   क) आदर    ख) बड़ों

   ग) का    घ) हमें

3. 'शत्रु' शब्द का विलोम है–

| | |
|---|---|
| क) दुश्मन | ख) वीर |
| ग) मित्र | घ) कायर |

4. नाव चलाने वाले को क्या कहते हैं?

| | |
|---|---|
| क) तैराक | ख) नाविक |
| ग) सैनिक | घ) चालक |

5. कौन-से शब्द में 'औ' की मात्रा है?

| | |
|---|---|
| क) मोर | ख) केला |
| ग) जौ | घ) पैर |

6. 'ए' क्या है?

| | |
|---|---|
| क) स्वर | ख) व्यजंन |
| ग) संयुक्त व्यंजन | घ) तीनों |

7. 'ट' वर्ग का तीसरा वर्ण क्या होगा?

| | |
|---|---|
| क) ड | ख) ड़ |
| ग) ढ | घ) ण |

8. 'ग' कौन-से वर्ग में आता है?

| | |
|---|---|
| क) क वर्ग | ख) ट वर्ग |
| ग) च वर्ग | घ) तीनों |

9. कौन-सी आवाज़ बिल्ली की है?

| | |
|---|---|
| क) काँव-काँव | ख) म्याऊँ-म्याऊँ |
| ग) कुहू | घ) हूँ-हूँ |

10. कौन-सा जानवर दहाड़ता है?

क) शेर　　　　　　　　　　ख) घोड़ा

ग) गाय　　　　　　　　　　घ) गधा

**शुद्ध शब्द का गोला भरिए: ( 11-13 )**

11. क) इक्सा　　　　　　　　　　ख) इच्छा

ग) ईच्छा　　　　　　　　　　घ) इंच्छा

12. क) नन्हीं　　　　　　　　　　ख) ननहीं

ग) नन्ही　　　　　　　　　　घ) न्नहीं

13. क) कृप्या　　　　　　　　　　ख) कृपया

ग) किप्रया　　　　　　　　　　घ) कृपय्या

14. 'सूरज' का अन्य नाम क्या है?

क) वसुधा　　　　　　　　　　ख) शशि

ग) रवि　　　　　　　　　　घ) तीनों

15. 'सायं' शब्द का विलोम क्या है?

क) प्रातः　　　　　　　　　　ख) दोपहर

ग) रात　　　　　　　　　　घ) निशा

16. मंगलवार से पहले कौन-सा दिन आता है?

क) सोमवार　　　　　　　　　　ख) बुधवार

ग) शनिवार　　　　　　　　　　घ) मंगलवार

17. 'फूल' शब्द का पर्यायवाची नहीं है-

क) सुमन　　　　　　　　　　ख) कुसुम

ग) सरोज　　　　　　　　　　घ) पुष्प

18. 'र्' में 'उ' की मात्रा लगने पर क्या बनेगा?

क) रु　　　　ख) रू

ग) रू　　　　घ) रु

19. शुद्ध शब्द छाँटिए–

क) सूरज　　　　ख) सुरज

ग) शूरज　　　　घ) तीनों

20. शुद्ध शब्द है–

क) र्कम　　　　ख) कर्म

ग) दोनों　　　　घ) कोई नहीं

21. 'पुत्र' शब्द का पर्यायवाची नहीं है–

क) बेटा　　　　ख) लड़का

ग) सुत　　　　घ) राकेश

22. 'हँसना' शब्द का विलोम है–

क) खुश　　　　ख) रोना

ग) दुख　　　　घ) अन्य

23. जो जूते बनाने का काम करता है, वह कहलाता है–

क) सुनार　　ख) धोबी　　ग) दरजी　　घ) मोची

24. 'उल्लू बनाना' मुहावरे का अर्थ है–

क) उल्लू की आवाज निकालना　　ख) मूर्ख बनाना

ग) क्रोध करना　　घ) रात में जागना

25. 'रात्रि' का पर्यायवाची क्या होगा?

क) प्रातः　　ख) दिवस　　ग) निशा　　घ) संध्या

## उत्तर-संकेत

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | ग | 14. | ग |
| 2. | घ | 15. | क |
| 3. | ग | 16. | क |
| 4. | ख | 17. | ग |
| 5. | ग | 18. | घ |
| 6. | क | 19. | क |
| 7. | क | 20. | ख |
| 8. | क | 21. | घ |
| 9. | ख | 22. | ख |
| 10. | क | 23. | घ |
| 11. | ख | 24. | ख |
| 12. | क | 25. | ग |
| 13. | ख | | |

**ध्यान दें**–इस अभ्यास-पत्रिका में किसी भी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर सूचित करने की कृपा करें।